# नगरायुक्त का पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण



शेखर टाइम्स संवाददाता

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा कराये जा रहे, विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया।

नगर क्षेत्र के न्यू सिटी (ककरा) में पोल पर लाइन खींचने के कार्य का निरीक्षण किया । नगर आयुक्त द्वारा पोल पर लाइन खींचने के कार्य में उपयोग में लाई जा रही सामग्री को देखा गया एवं पोल पर लाइन खींचने के कार्य को ससमय पूर्ण कराये जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया। नगर आयुक्त द्वारा न्यू सिटी (ककरा) को अजीजगंज से जोड़ने हेतु बनाये जा रहें पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त द्वारा पुल के निर्माण कार्य में अब तक कराये गये कार्यों व निर्माण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता को परखा गया। साथ ही नगर आयुक्त द्वारा संबन्धित को निर्देशित किया गया कि कार्य को ससमय पूर्ण करा लिया जायें, जिससे आवागमन सुगम व सुव्यवस्थित हो सकें। न्यू सिटी (ककरा) में प्रस्तावित नगर निगम कार्यालय की भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। नगर निगम कार्यालय के लिये प्रस्तावित भूमि पर निर्माण कार्य को शीघ्र ही शुरु करा दिया जायें। नगर आयुक्त द्वारा ककरा में बने डपिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण किया। अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, राजस्व विभाग की टीम व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।